अनुक्रमांक 17/01/2020
नाम ..........................................

# दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर
## प्री बोर्ड परीक्षा –2020

कक्षा – 10 | समय– 3 घंटे
विषय–हिंदी | पूर्णांक– 80

**निर्देश**– 1. इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– क , ख , ग , और घ ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खंड –क
### (अपठित अंश–10 अंक)

**1.**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

स्त्री और पुरुष समाज–रूपी गाडी के दो पहिए हैं। एक के बिना दूसरे का जीवन अधूरा है, क्योंकि समाज–रूपी गाडी को सुचारु रूप से चलाने के लिए दोनों ही पहियों का स्वस्थ तथा सुदृढ होना आवश्यक है। यदि इनमें से एक भी पहिया दुर्बल या दोषपूर्ण हुआ, तो समाज–रूपी गाड़ी के विकास का क्रम रुक जाएगा। नारी यदि गृहस्थ जीवन की पतवार है, तो पुरुष उसका खिवैया। गृहस्थी की सुख–शांति, आनद तथा उत्थान–इन दोनों पर ही आधारित है। इन्हीं कारणों से भारतीय संस्कृति में नारी को 'गृह–लक्ष्मी', 'गृह–देवी', 'सहधर्मिणी', 'अर्धांगिनी' आदि कहा गया है। मनु ने मनुस्मृति में लिखा है–'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता'। पुरातन युग में नारी को श्रद्धा तथा विश्वास का रूप समझा जाता था। वह किसी भी क्षेत्र में पुरुष से पीछे नहीं थी। यहाँ तक की यज्ञ की सफलता के लिए स्त्री और पुरुष दोनों का उसमें समान रूप से भाग लेना आवश्यक माना जाता था। नारी घर में तथा घर के बाहर भी सम्मान की अधिकारिणी थी। मैत्रेयी, शकुंतला, सीता, अनुसूइया, दमयंती, सावित्री, गार्गी आदि स्त्रियाँ इसकी ज्वलंत उदाहरण हैं।

क. समाज रूपी गाडी के पहिए कौन हैं ? समाज में इनका क्या योगदान है ? 2
ख. यदि समाज रूपी गाड़ी के दोनों पहियों में से एक भी दुर्बल या दोषपूर्ण हुआ, तो क्या होगा ? 2
ग. गद्यांश में किन महान नारियों का उल्लेख किया गया है ? 2
घ. मनु ने 'मनुस्मृति' में क्या लिखा है ? उसका तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 2
ड. यज्ञ की सफलता के लिए क्या आवश्यक माना जाता था ? 1
च. गद्याश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

### खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण 16 अंक)

**2.** 'किताब मेज पर रखी है।' वाक्य में 'किताब' शब्द है या पद ? स्पष्ट कीजिए। 1

**3.** निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए– 3
क. बालिकाएँ नाच–गा रही हैं। (संयुक्त वाक्य में)
ख. रात के दस बजे मैंने पढ़ना बंद कर दिया। (मिश्र वाक्य में)
ग. कुत्ता भौंका और चोर भाग गया। (सरल वाक्य में)

**4.**क. निम्नलिखित शब्दों का समास–विग्रह करके समास का नाम लिखिए– 2
चारपाई , देशभक्ति
ख. निम्नलिखित समास–विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए– 2

नीला है कंठ जिसका अर्थात् भगवान शिव, रसोई के लिए घर

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए– 4

क. बच्चे को काटकर सेब खिलाओ।

ख. यहाँ ताजा गन्ने का जूस मिलता है।

ग. आप इस कागज पर अपना हस्ताक्षर कर दो।

घ. मेरे को आपका बात अच्छा लगा।

6. निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए– 4

क. भारतीय सेना ने आतंकवादियों का .......................... दिया।

ख. परीक्षा में सफलता के लिए भाई साहब ने ............... लगा दिया।

ग. वजीर अली के जाने के बाद कर्नल .................... रह गया।

घ. वजीर अली ने खंजर से वकील का ................ कर दिया।

## खंड–ग (पाठ्य पुस्तक 28 अंक)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2=6

क. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ?

ख. किस घटना से सिद्ध होता है कि वजीर अली एक वीर सिपाही था ?

ग. गिन्नी के सोने व शुद्ध सोने में क्या अंतर है ?

घ. भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए।

8. 'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के अनुसार वनस्पति और जीव–जगत के बारे में लेखक की माँ के क्या विचार थे ? 5

अथवा

छोटे भाई के अहंकार को दूर करने के लिए बडे भाई साहब ने अपने भाषण में कौन–कौन से उदाहरण दिए ? स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2=6

क. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है ?

ख. 'आत्मत्राण' कविता में की गई प्रार्थना अन्य प्रार्थनाओं से भिन्न क्यों है ?

ग. मीरा श्रीकृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती हैं ?

घ. कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है ? कविता के आधार पर लिखिए।

10. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में इंद्र की कल्पना जादूगर के रूप में क्यों की गई है? उनके जादूगरी के प्रभाव का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

बलिदान के समय भी सैनिकों को दुख का अनुभव क्यों नहीं होता ? 'कर चले हम फिदा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

11. क. कक्षा में फेल होने वाले छात्र पर अध्यापक और विद्यार्थियों के द्वारा व्यंग्य करना उचित क्यों नहीं है ? 3

ख. हरिहर काका के विषय में गाँव वाले क्या सोचते थे और क्यों ? 3

## खंड–घ (लेखन 26 अंक)

12. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– 6

**क. स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम**

*• शरीर और मन की स्वस्थता • व्यायाम, आसन, प्राणायाम • स्वस्थ व्यक्ति–स्वस्थ परिवार*

**ख. परिश्रम का महत्व**

• श्रम का महत्व • सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है • परिश्रम ही मूलमंत्र है

**ग. पराधीनता– एक अभिशाप**

• स्वाधीन जीवन का महत्व • पराधीनताः एक अभिशाप कैसे • स्वाधीनता में ही सच्चा सुख

**13.** तेजी से बढते डेंगू रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपके इलाके में वृक्षों की अनियंत्रित कटाई हो रही है। इसकी सूचना देते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

**14.** प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में होने वाली नाटक प्रतियोगिता से संबंधित एक सूचना लिखिए। 5

अथवा

विलंब से चलने वाली रेलगाड़ी की सूचना देते हुए स्टेशन अधीक्षक की ओर से एक सूचना लिखिए।

**15.** सुनीता और गीता के बीच कश्मीर यात्रा को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 5

अथवा

सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा का परिणाम निकलने पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए।

**16.** दिल्ली के मशहूर छोले–भटूरे की दुकान का 25–30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

सौंदर्य बढाने एवं चेहरे की त्वचा को निखारने वाली किसी क्रीम का 25–30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।